मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजक।

अमर उजाला 27/11/2024

जीएमएन कॉलेज में मनाया संविधान दिवस : छावनी के जीएमएन कॉलेज में संविधान दिवस मनाया गया।

इस दौरान राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा प्रस्तावना भारतीय संविधान की दृष्टि और मूल्य विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आर्य गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्या मौजूद रहीं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों को परिभाषित करती है।

यह संविधान के मार्गदर्शन के लिए एक प्रकाश स्तंभ के रूप में काम करती है। राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नैन ने बताया कि संविधान दिवस पर छात्रों ने प्रस्तावना संबंधी ज्ञान प्राप्त किया। डॉ. कृष्ण पूनिया द्वारा मंच का संचालन किया गया। इस सत्र का समापन प्रश्नोत्तरी दौर के साथ हुआ। जहां छात्रों ने मुख्य वक्ता से उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे।